भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2187

12 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

विज्ञान धारा योजना के बारे में जागरूकता

†2187. श्री अरविंद धर्मापुरी:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और सामान्य जनता के बीच विज्ञान धारा योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या मंत्रालय इस योजना की शुरुआत से इसका लाभ उठाने वाले व्यक्तिगत और संस्थागत दोनों तरह के लाभार्थियों की संख्या का रिकॉर्ड रखता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक आवंटित और उपयोग किए गए बजट का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) तेलंगाना में योजना के अंतर्गत समर्थित लाभार्थियों और अनुसंधान परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है और आवंटित और उपयोग की गई धनराशि क्या है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) विज्ञान धारा योजना तीन छत्रक योजनाओं अर्थात् (1) विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमतावर्धन, (2) अनुसंधान एवं विकास और (3) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास और परिनियोजन के विलय के बाद 16.01.2025 से लागू हुई। विभाग ने शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और आम जन में विज्ञान धारा योजना संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। इस योजना का प्रिंट, सोशल और डिजिटल संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से पर्याप्त मीडिया कवरेज दिया गया। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध करा दी गई है। विभाग के अधिकारी विज्ञानधारा के विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए हितधारकों के साथ चर्चा कर रहे हैं।

(ख) विभाग इस योजना से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों की संख्या का रिकॉर्ड रखता है। रिकॉर्ड के अनुसार, अब तक 57,869 व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। लाभार्थियों में 10-15 वर्ष की आयु के विद्यार्थी शामिल हैं, जो कक्षा VI से X में अध्ययन कर रहे हैं और इंस्पायर-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) योजना के तहत लाभ उठा रहे हैं, जिसका उद्देश्य युवा छात्रों को विज्ञान का अध्ययन करने और अनुसंधान करियर बनाने के लिए आकर्षित करना और साथ ही सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देना और उनके बीच नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देना है।

(ग) विज्ञान धारा योजना केंद्रीय क्षेत्र की योजना है और इसे अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत से अब तक आबंटित और प्रयुक्त बजट का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	आबंटित (करोड़ रु. में)	10.03.2025 तक उपयोगित राशि (करोड़ रु. में)
2024-25	330.75	89.10
2025-26	1425.00	-

(घ) तेलंगाना राज्य में कुल 4002 लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए है और 10.03.2025 तक कुल 3.3 करोड़ रुपये का बजट उपयोग किया गया है।

*****